प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 अगस्त 2024

# वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 2,934 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। इनमें अनुक्रमिक (तिमाही-दर-तिमाही) और वार्षिक (वर्ष-दर-वर्ष) परिवर्तनों के अध्ययन को सक्षम बनाने के लिए 2023-24 की पहली तिमाही और 2023-24 की चौथी तिमाही के तुलनीय आंकड़े भी शामिल हैं (वेब-लिंक https://data.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Listed%20Non-Government%20Non-Financial%20Companies)।

## मुख्य बातें

### बिक्री

- 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की कुल बिक्री संवृद्धि 6.9 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) रही, जो पिछली तिमाही के करीब रही, लेकिन एक वर्ष पहले की 2.1 प्रतिशत वृद्धि से अधिक रही।
- सभी प्रमुख क्षेत्रों अर्थात विनिर्माण (कुल बिक्री में 67.5 प्रतिशत हिस्सेदारी), सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) (10.1 प्रतिशत), गैर-आईटी सेवाएं (12.8 प्रतिशत), निर्माण (5.3 प्रतिशत) विद्युत (2.9 प्रतिशत) और खनन (1.1 प्रतिशत) में पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में उच्चतर बिक्री दर्ज की गई; तथापि, विनिर्माण क्षेत्र के भीतर, सीमेंट, लोहा और इस्पात, उर्वरक, कागज उत्पाद और कांच उत्पादों की बिक्री में गिरावट आई (तालिका 2ए और 5ए)।

### व्यय

- विनिर्माण कंपनियों का कच्चे माल पर व्यय, उनकी बिक्री संवृद्धि के अनुरूप 6.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ा, जबकि उनकी कर्मचारी लागत में 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान 10.7 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई; आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों की कर्मचारी लागत में क्रमशः 2.4 प्रतिशत और 12.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, (तालिका 2ए और 2बी)।

- विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए बिक्री की तुलना में कर्मचारी लागत अनुपात 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान क्रमशः 5.8 प्रतिशत, 49.1 प्रतिशत और 11.0 प्रतिशत रहा (तालिका 2बी)।

**कीमत निर्धारण क्षमता**

- समग्र स्तर पर, परिचालन लाभ और निवल लाभ में 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान क्रमशः 9.6 प्रतिशत और 14.2 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई (तालिका 1ए और 1बी)।
- विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के परिचालन लाभ में 2024-25 की पहली तिमाही के दौरान क्रमशः 9.3 प्रतिशत, 5.1 प्रतिशत और 6.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनका परिचालन लाभ मार्जिन क्रमशः 14.6 प्रतिशत, 22.5 प्रतिशत और 21.4 प्रतिशत रहा; तथापि, बिजली और गैस आपूर्ति क्षेत्रों तथा निर्माण क्षेत्रों में सूचीबद्ध कंपनियों के परिचालन लाभ में क्रमशः 28.6 प्रतिशत और 28.4 प्रतिशत की उच्चतर संवृद्धि दर्ज की गई, (तालिका 2ए, 2बी और 5ए)।

**ब्याज व्यय**

- विनिर्माण और गैर-आईटी कंपनियों का ब्याज व्याप्ति अनुपात (आईसीआर)[1] नवीनतम तिमाही के दौरान क्रमशः 7.9 और 1.8 प्रतिशत तक मामूली रूप से सुधरा; आईटी कंपनियों के लिए आईसीआर 42.9 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बना हुआ है (तालिका 2बी)।

**तालिकाओं की सूची**


| तालिका सं. | | शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 1 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 2 | ए | सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 3 | ए | चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 4 | ए | बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का | संवृद्धि दर |


[1] आईसीआर (अर्थात, ब्याज और कर से पहले की आय और ब्याज व्यय का अनुपात) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता का एक माप है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मान 1 है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| | बी | कार्यनिष्पादन | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |

**नोट:**

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी**: **2024-2025/1007**